व्यापारी नरेन्द्र नाथ का अपहरण कर फिरौती मांगने वाला मास्टरमाइंड दुबई से गिरफ्तार

आरोपी को इंटरपोल की मदद से आबू धाबी से जयपुर लेकर आई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता के अपहरण और करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे मास्टरमाइंड करण आसवानी उर्फ कमल सिंधी को राजस्थान एजीटीएफ ने इंटरपोल की मदद से दुबई से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को लेकर एजीटीएफ की टीम गुरुवार देर रात जयपुर पहुंची। मामले में उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एडीजी एटीए-एएनटीएफ एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि करण आसवानी के दुबई में छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद एजीटीएफ ने उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाश शुरू की। आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी कराया गया। इसके बाद यूएई के अबू धाबी स्थित इंटरपोल से लगातार संपर्क और समन्वय किया गया। आरोपी के

आरोपी कमल सिंधी

डिटेन होने की सूचना मिलने के बाद उसे भारत लाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। 31 अगस्त को एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में एजीटीएफ की टीम जयपुर से दुबई रवाना हुई। टीम में डीएसपी रविंद्र प्रताप, पुलिस निरीक्षक सुनील जांगिड़ और राम सिंह नाथावत शामिल थे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और समन्वय पूरा करने के बाद टीम करण आसवानी को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार देर

■ **इस मामले में आरोपी कमल सिंधी के 3 साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं**

रात जयपुर पहुंची।

उन्होंने बताया कि खोह नागोरियान थाने में 21 अगस्त 2025 को व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। परिवाद के अनुसार नरेन्द्र नाथ दत्ता 20 अगस्त को जयपुर स्थित अपने घर से वैशाली नगर जाने के लिए निकले थे। उनके साथ परिचित और कार चालक भी था। बाद में मोबाइल बंद आने पर परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन उनके मोबाइल से फोन कर बताया गया कि नरेन्द्र नाथ दत्ता का अपहरण कर लिया गया है और उनकी रिहाई के लिए फिरौती की रकम की व्यवस्था करने को कहा गया।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहृत व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता और उनके चालक योगेश को सुरक्षित छुड़ा लिया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पुलिसकर्मी की वर्दी पहनकर नरेन्द्र नाथ दत्ता सहित अन्य लोगों का अपहरण किया था। अपहृत लोगों को अलग-अलग स्थानों पर बंधक बनाकर रखा गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने हर्ष गौतम, कनक गांगुली और अजय बेनीवाल उर्फ शाका को गिरफ्तार किया। हर्ष गौतम के कब्जे से अपहृत व्यक्तियों की इनोवा क्रिस्टा बरामद की गई। वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट कार भी पुलिस ने जब्त की। जांच में आगरा सहित अन्य स्थानों पर अपहृत लोगों को बंधक बनाकर रखने की जानकारी सामने आई।

जांच में करण आसवानी की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह लगातार फरार रहा। पुलिस जांच में उसके संगठित अपराध के सिंडिकेट से जुड़े होने की जानकारी सामने आई। न्यायालय से उसके खिलाफ वारंट जारी कराया गया। तलाश तेज होने के बाद पता चला कि करण देश छोड़कर दुबई भाग गया है। इसके बाद एजीटीएफ ने इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी तलाश शुरू की और आखिरकार उसे दुबई में पकड़ लिया गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार करण आसवानी उर्फ कमल सिंधी का आपराधिक इतिहास करीब ढाई दशक पुराना है। वर्ष 2000 में मुरलीपुरा थाने में उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अब जयपुर लाकर उससे अपहरण, फिरौती और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में पूछताछ कर रही है।

एक साल से फरार चल रहा मादक पदार्थ तस्कर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

पत्नी के साथ स्मैक का कारोबार चलाता था आरोपी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । आदर्श नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे कुख्यात तस्कर सोनू सांसी (30) को उत्तर प्रदेश के कोसी कलां (मथुरा) से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जयपुर से आगरा, प्रयागराज और मथुरा तक आरोपी का पीछा किया और उसकी बुआ के घर पहुंचने से पहले घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी पुलिस से बचने के लिए केवल वाट्सऐप कॉल का इस्तेमाल करता था।

डीसीपी जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने सोनू की पत्नी रेखा सांसी को 7.15 ग्राम स्मैक और 17,200 रुपए के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने स्मैक पति द्वारा लाकर देने की बात बताई। सोनू ट्रांसपोर्ट नगर थाने के दो अन्य मामलों में भी वांछित था।

इस पर ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी छगन डांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद से आरोपी के आगरा जाने की सूचना मिली। टीम ने यूपी पहुंचकर आगरा, प्रयागराज और मथुरा में उसका पीछा किया। कोसी कलां में आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

आदर्श नगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक साल से फरार कुख्यात बदमाश सोनू सांसी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया।

■ **पुलिस ने जयपुर से आगरा, प्रयागराज और मथुरा तक आरोपी का पीछा किया और उसकी बुआ के घर पहुंचने से पहले घेराबंदी कर दबोचा**

ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी छगन डांगी ने बताया कि पुलिस के अनुसार सोनू सांसी के खिलाफ जयपुर पूर्व के ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर और कानोता, जयपुर पश्चिम के मुरलीपुरा, दौसा के सैंथल और सीकर के दांतारामगढ़ थानों में एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में 14 मामले दर्ज हैं। उसकी पत्नी रेखा के खिलाफ भी एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के छह मामले दर्ज हैं और वह जेल में/जैर ट्रायल है। पुलिस आरोपी से स्मैक की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ कर रही है।

राज्यपाल ने किया भगवान श्रीकृष्ण का दुग्धाभिषेक

जयपुर । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने वहां हरिनाम संकीर्तन और भगवद्गीता के ज्ञान पर आधारित विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम में भी भागीदारी की। उन्होंने लड्डू गोपाल का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की। राज्यपाल ने कहा कि श्रीकृष्ण जीवन की उत्सवधर्मिता से जुड़े हैं। श्रीकृष्ण युगन्धर हैं। उनका जीवन अतीत के मोह को त्याग कर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और निष्काम कर्म का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में वासुदेव श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा करने और उसका मार्ग दिखाने को ही इस सृष्टि का सबसे बड़ा सत्य और कर्तव्य बताते हुए हरेक को आदर्श कर्म की ओर चलने



की पावन शिक्षा दी है। भगवान श्री कृष्ण का जीवन कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने और संघर्ष करते हुए जीवन के आलोक पथ का वरण करने का संदेश देता है।

सीमेंट की ईंट से सिर फोड़कर मकान मालिक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

मकान खाली करने के विवाद में किराएदार ने वारदात को अंजाम दिया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मानसरोवर क्षेत्र में मकान खाली करने और बकाया किराए को लेकर हुए विवाद में किराएदार ने मकान मालिक के सिर पर सीमेंट की ईंट से वारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी किराएदार को हिरासत में लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी सतीशचंद्र ने बताया कि रजत पथ निवासी दीपक कुलश्रेष्ठ ने मध्यम मार्ग स्थित अपना मकान महेश शर्मा को करीब तीन वर्ष से किराए पर दे रखा था। मकान खाली कराने और किराए के भुगतान को लेकर दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इसके चलते महेश ने बुधवार को मकान खाली कर दिया था। इसके बाद गुरुवार देर शाम वह मकान की चाबी देने पहुंचा। इसी दौरान बकाया किराए और मकान खाली करने की बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई।

विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई हो गई। इसी दौरान महेश ने मकान के चौक में पड़ी सीमेंट की ईंट उठाकर दीपक के सिर पर वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से दीपक लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गए। आरोपी उन्हें मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दीपक के काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिचित उन्हें तलाशते हुए मध्यम मार्ग स्थित मकान पर पहुंचे। वहां दीपक लहूलुहान हालत में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ पुलिस ने अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की। परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जा रहा है। मानसरोवर थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमभाया सरकार के दरबार में भक्ति संगीत

जयपुर । चांदपोल बाजार के जय लाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से रात सवा आठ से मध्यरात्रि तक भक्ति संगीत हुआ। मध्यरात्रि में श्री प्रेमभाया सरकार की जन्म आरती की गई। मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार, श्री हरियुगल विहार, चंदलाई में भी रात 9:15 से 12 बजे तक भक्ति संगीत हुआ। श्री खोले के हनुमान मंदिर स्थित प्रेमभाया राधाकृष्ण मंदिर में पंचामृत, दूध और गंगाजल से अभिषेक कर चंदन का लेप लगाया गया। नवीन पोशाक धारण कराई गई। मध्यरात्रि में झालर, शंख, नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच प्राकट्ययोत्सव मनाया गया।

7.58 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्कूटी से घूम-घूमकर नशे की सामग्री बेचता था आरोपी

जयपुर । जयपुर पूर्व जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत जिला विशेष टीम (डीएसटी) और सांगानेर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम 58 मिलीग्राम अवैध स्मैक और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा के अनुसार सांगानेर इलाके में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने सूचना तंत्र विकसित कर कार्रवाई की। संयुक्त टीम ने आरोपी श्रवण सांसी (35) निवासी मेहंदवास जिला टोंक हाल सिद्धार्थ नगर एयरपोर्ट जयपुर को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बाहर से करीब 4 हजार रुपए प्रति ग्राम की दर से स्मैक खरीदकर लाता था। इसके बाद स्कूटी से शहर में घूम-घूमकर नशा करने वाले लोगों को छोटी-छोटी पुडिया या टोकन बनाकर 350 रुपए में बेचता था। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल था। उसके खिलाफ पूर्व में भी स्मैक और गांजा बेचने के मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। जब्त स्मैक और स्कूटी

■ **प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करीब 4 हजार रुपए प्रति ग्राम की दर से स्मैक खरीदकर लाता था। इसके बाद स्कूटी से शहर में घूम-घूमकर नशा करने वाले लोगों को छोटी-छोटी पुडिया 350 रुपए में बेचता था।**

को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क और उसके अन्य संपर्कों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारसमल जैन और सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर दीपक खंडेलवाल के निर्देशन में की गई। डीएसटी प्रभारी सुखवीर सिंह और सांगानेर थानाधिकारी हरवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, राकेश और हेमंत की विशेष भूमिका रही। वहीं टीम में डीएसटी से उपनिरीक्षक बन्ना लाल, एएसआई छीतरमल, हेड कांस्टेबल तुलसीराम तथा सांगानेर थाना पुलिस से उपनिरीक्षक गोपाल लाल, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

कृष्णलीला से कंस वध तक झांकियां सजी

जयपुर । वैशाली नगर स्थित बीएपीएस श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में कृष्ण जन्म, गोकुल-गमन, पूतना वध और कंस वध पर आधारित झांकियां सजाई गईं। पंचामृत अभिषेक, पंजीरी प्रसाद और छप्पन भोग लगाया गया। बाल एवं युवा मंडल ने कृष्णलीला और नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सत्संग सभा में भजन-कीर्तन, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बाल संस्कार, व्यसन मुक्ति और पारिवारिक शांति पर प्रदर्शनी भी लगाई गई।

जन्माष्टमी पर राजपार्क के कृष्ण परनामी मंदिर सहित शहर के अनेक मंदिरों में कृष्ण की बाल लीलाओं और जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां सजाई गईं। कृष्ण जन्म, वासुदेव द्वारा कान्हा को गोकुल ले जाना, यशोदा संग बाल कृष्ण, माखन चोरी, गोचारण,

■ **सांवरिया सेठ की तरह मुरलीपुरा में श्याम प्रभु का नोटों से किया भव्य श्रृंगार, दही हांडी का भी आयोजन हुआ**

कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन धारण, कंस वध और इंद्र का घमंड चूर करने जैसे प्रसंग झांकियों में जीवंत हुए। वैशाली नगर, मानसरोवर, प्रतापनगर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर और बनीपार्क सहित विभिन्न इलाकों की कॉलोनियों व सोसायटियों में भी झांकियां सजाई गईं।

वहीं गंगापोल बाहर बदनपुरा स्थित मंदिर श्री मुरली मनोहरजी में श्री वेंकटेश देवस्थान न्यास की ओर से आयोजन हुआ। स्वामी राघवेन्द्राचार्य के सान्निध्य में रात 8 बजे से मध्यरात्रि तक विशेष झांकी, श्रीमद्भागवत, विष्णु सहस्त्रनाम और भगवद्गीता का पारायण हुआ। सामूहिक भजन संध्या, हवन, कथा, अभिषेक और आरती के साथ पंचामृत व पंजीरी प्रसाद वितरित किया गया। यहां 6 सितंबर को दोपहर 2 बजे नंदोत्सव होगा।

मुरलीपुरा के विकासनगर विस्तार स्थित श्रीश्याम मंदिर में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। गायत्री परिवार के मनु महाराज के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम शुरू हुआ। महाआरती और भजन संध्या के साथ दही हांडी आकर्षण का केन्द्र रही। बड़ी संख्या में बच्चे कान्हा और राधारानी के स्वरूप में पहुंचे। श्याम प्रभु का लाखों रुपए के नोटों से विशेष श्रृंगार कर उन्हें सांवरिया सेठ का स्वरूप दिया गया। फूल बंगला झांकी भी सजाई गई।

जयपुर निगम चुनाव : 17 वार्डों में सीधी टक्कर होगी, 35 में त्रिकोणीय मुकाबला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नगर निगम चुनावों में नाम वापसी का समय निकलने के साथ ही अब तस्वीर साफ हो गई। राजधानी के 150 वार्डों के लिए अब कुल 723 प्रत्याशी मैदान में डटे हैं, जिनके लिए 11 सितंबर को जनता वोट करेगी। दिलचस्प बात ये है कि इस बार 150 वार्डों में से 17 वार्ड ऐसे हैं, जहां केवल दो-दो उम्मीदवार ही मैदान में हैं और उनके बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 41, 42, 45, 49, 52, 53, 60, 83, 90, 91, 94, 122, 123, 129, 131, 142 और 150 ऐसे हैं, जहां केवल 2-2 प्रत्याशी ही बचे हैं। इन 17 वार्डों में नामांकन खारिज होने और नाम वापसी के बाद केवल 2-2 प्रत्याशी ही बचे हैं। इन वार्डों में आमने-सामने की सीधी टक्कर होगी। जबकि 35 वार्ड ऐसे भी हैं, जहां त्रिकोणिय मुकाबला देखने को मिल सकता है। इन 35 वार्डों में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या 3-3 है।

जयपुर नगर निगम में सबसे ज्यादा कड़ा मुकाबला वार्ड संख्या 62 में है, जहां 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा वार्ड संख्या 130 व 16 में प्रत्याशियों की संख्या 11-11 है और वार्ड संख्या 132 में प्रत्याशियों की संख्या 10 है।

■ **सबसे ज्यादा कड़ा मुकाबला वार्ड संख्या 62 में है, जहां 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। इसी तरह वार्ड संख्या 130 व 16 में प्रत्याशियों की संख्या 11-11 है और वार्ड संख्या 132 में दावेदारों की संख्या 10 है।**

निर्दलीय दावेदारों में अलमारी की डिमांड

जयपुर नगर निगम चुनावों की बात करें तो यहां ज्यादातर निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव चिह्न के लिए पहली प्राथमिकता अलमारी को दी। जिन वार्डों में ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में है, उनमें चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए लॉटरी निकाली गई। वार्ड संख्या 62 में यहां 9 उम्मीदवार निर्दलीय है, जिसके चलते यहां चुनाव चिह्न आवंटन के लिए लॉटरी निकाली गई।

8 चुनाव चिह्न रिजर्व, 40 ओपन रखे

निर्वाचन आयोग ने इस बार नगरीय निकाय चुनावों में 8 चुनाव चिह्न रिजर्व रखे है। इसमें 6 राष्ट्रीय दल (कांग्रेस, बीजेपी, आप, बीएसपी, सीपीआई(एम) और एनपीपी) शामिल है। जबकि दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दल (आरएलपी और भारत आदिवासी पार्टी) शामिल है। इनके अलावा आयोग ने 40 चुनाव चिह्न इन चुनावों के लिए जारी किए है, जो ओपन रखे है। इन चुनाव चिह्नों में से प्राथमिकता के आधार पर प्रत्याशियों ने मांग रखी थी।

इन ओपन चुनाव चिह्नों में अलमारी, चप्पलें, सेब, कोट, गुब्बारा, चारपाई, चूड़ियां, मिक्सी, मोतियों का हार, पेंसिल डिब्बा, बेंच, तकिया, आदमी व पाल युक्त नौका, बिजली का खंभा, बक्सा, बांसुरी, ईंटें, बाल्टी, फ्रॉक, रेफ्रिजरेटर, लिफाफा, टेलीविजन, फव्वारा, टेलीफोन, फूलगोभी, गैस का चूल्हा, जंजीर, टॉफिया, चक्की, साइकिल पम्प, अंगूर, आरी, हरी मिर्च, स्कूल का बस्ता, हाथ गाड़ी, कैंची, हारमोनियम, सिलाई की मशीन, आईसक्रीम और जूता है। इसमें ज्यादातर प्रत्याशियों ने आवंटन के लिए अलमारी, बांसुरी, टेलीविजन, सिलाई की मशीन, टेलीफोन और सेब की डिमांड की।

यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

भगवान श्रीकृष्ण की झांकी और जयकारों से गूंजा शहर

जयपुर । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव युवक मंडल जयपुर राजस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को यादव समाज की ओर से भव्य श्रीकृष्ण शोभायात्रा निकाली गई। कनक बिहारी मंदिर के महंत सियाराम दास महाराज, महामंडलेश्वर शंकर बाबा एवं निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने मुख्य रथ की विधिवत आरती उतारकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में यादव समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी और धार्मिक वातावरण ने आयोजन को आकर्षक बनाया।

शोभायात्रा न्यू पीपुल्स एकेडमी स्थित सीतारामजी के मंदिर उनियारों का रास्ता से रवाना होकर छोटी-बड़ी चौपड़ सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यादव समाज मंदिर घोसियों का रास्ता रामगंज पहुँची। इस दौरान पूरे मार्ग में 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष गूंजते रहे। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा प्रकट की।शोभायात्रा में समाज के युवाओं के साथ-साथ महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। जयपुर शहर उपाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज में एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता को मजबूत करना है। निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने जन्माष्टमी पर आयोजित भव्य शोभायात्रा को लेकर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य, प्रेम और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इस मौके पर अहीर जन जागृति से सुमित यादव, राजेश यादव, भरत यादव, मंजू यादव, विपिन यादव, राकेश यादव, मुकेश यादव, राम सिंह यादव, विनोद यादव, अक्षय यादव, अनिल यादव, अभय यादव, तेजपाल यादव, रमेश यादव, प्रेमचंद यादव और ओम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे ।

सार-समाचार

मुहाना पुलिस ने दबोचा शातिर वाहन चोर

जयपुर । मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद की है। आरोपी पूर्व में नकबजनी और अवैध शराब तस्करी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के अनुसार मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदात करने वाले शातिर वाहन चोर सुनील चौधरी उर्फ श्योराम (26) पुत्र बालूराम जाट, निवासी गांव चितौड़ा, थाना रेनवाल मांझी जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ करणी विहार थाने में नकबजनी तथा मुहाना थाने में राजस्थान आबकारी अधिनियम का दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। उससे वाहन चोरी की अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है। थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों पर लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

वार्ड 62 में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

जयपुर । नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 62 में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। यहां भाजपा के प्रत्याशी रामअवतार शर्मा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में वार्ड क्षेत्र के विकास, जनहित के कार्यों और स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। विधायक कैलाश वर्मा और पार्षद प्रत्याशी रामअवतार शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र और वार्ड के विकास के एजेंडे भी सामने रखे।

यादव समाज की संगोष्ठी 6 सितंबर को

जयपुर । यादव समाज में संस्कार, एकता, प्रेम, सम्मान और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'संस्कार परिवर्तन द्वारा स्वर्णिम संसार' विशेष संगोष्ठी का आयोजन रविवार, 6 सितंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डा. जी.एल. यादव ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10:30 से दोपहर 1 बजे तक प्रभु निधि सभागार, राजयोग भवन, वैशाली नगर, जयपुर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय की सुषमा दीदी होंगी। आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, वैशाली नगर, जयपुर द्वारा किया जा रहा है।

पूनियां ने किए गोविंददेवजी के दर्शन

जयपुर । भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां ने जन्माष्टमी पर जयपुर के आराध्यदेव श्रीगोविंददेवजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और देशवासियों व प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।